Title: Need for early construction of a railway over-bridge at Safedabad in Barabanki district (Uttar Pradesh)- Laid.

श्री राम सागर (बाराबंकी) : महोदय, उत्तर प्रदेश के प्रमुख राष्ट्रीय मार्ग लखनऊ-बाराबंकी के मध्य सफेदाबाद रेलवे क्रासिंग, जहां से पूर्वोत्तर भारत की अधिकांश ट्रेनों का आना-जाना रहता है और राष्ट्रीय मार्ग से भी प्रतिक्षण यात्री वाहनों का आवागमन है, प्रतिवर्ष ओवरब्रिज के अभाव में भयंकर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इस रेलवे क्रासिंग पर एक ओवरब्रिज बनाने की नितांत आवश्यकता है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सफेदाबाद रेलवे क्रासिंग पर एक ओवरब्रिज शीघ्र बनाया जाए।